पत्नी फोबिया के शिकार हो रहे युवक

प्रतीक्षा सक्सेना, गाजियाबाद

पत्नी के उत्पीड़न के बाद अब बारी पतियों की है। शायद इसीलिए महानगर में पत्नी द्वारा पति उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे है। मंगलवार को जिस तरह से प्रताप विहार में दीपक शर्मा ने आत्मघाती कदम उठाया, वह भी पत्नी उत्पीड़ित होने की बात उजागर करता है। इससे पहले भी कई बार परिवार परामर्श केंद्र में, मनोचिकित्सकों के पास और अधिवक्ताओं के पास पत्नी द्वारा उत्पीड़न के मामले सामने आ चुके है। विशेषज्ञ मानते है कि लड़कियों द्वारा अब दहेज विरोधी कानून को ढाल के बजाय हथियार के रूप में प्रयोग किए जाने से यह नौबत आ रही है।

महानगर में मंगलवार सुबह प्रताप विहार निवासी दीपक शर्मा ने फांसी लगा ली। इससे पूर्व उसने कमरे की दीवारों पर लिखकर इस कदम के लिए पत्नी और ससुरालियों को जिम्मेदार ठहराया। मनोवैज्ञानिक डॉ.संजीव त्यागी को इस मामले पर कोई हैरत नहीं होती, क्योंकि उनके पास सप्ताह में तीन से चार ऐसे मामले आ रहे है जहां पति पत्नी से उत्पीड़ित हैं। वह कहते है कि शिक्षित परिवारों में पति और पत्नी के बीच एडजस्टमेंट काफी कम दिख रहा है। लड़कियों का महत्वाकांक्षा स्तर बढ़ने से भी यह स्थिति आ रही है। ऐसे में जो मानसिक रूप से सक्षम होते है वह तो उबर जाते है और जो कमजोर होते है वह आत्मघाती कदम उठा लेते है।

इससे पहले परिवार परामर्श केंद्र में भी तीन ऐसे मामले आए थे, जहां पति ने पत्नी को मायके से वापस उसके साथ भिजवाने की गुहार लगाई थी। महिला अधिवक्ता सिंधु प्रभा झा भी मानती है कि पिछले पांच सालों में हर दस में से पांच मामले पुरुषों के उत्पीड़न के आ रहे है। वह कहती है कि इसका कारण लड़कियों द्वारा दहेज विरोधी कानून को ढाल के बजाय हथियार बना लेना है।

वह कहती है कि अधिकांश मामलों में लड़कियां अपनी मनमर्जी चलाना चाहती है और जहां ऐसा नहीं होता वहां वह दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराने का दबाव बनाने लगती है। यही वजह है कि अब महिलाओं की जगह पुरुषों को पुलिस से गुहार लगानी पड़ती है।

[Tuesday, August 01, 2006 11:19:18 PM]

कैसे सर्च करें

खोजें

समाचार
पंचांग 2006
धर्म मार्ग
जूनियर जागरण
7272
जरा हट के
ग्रीटिंग्स
साहित्य
जागरण रेडियो
ई-पेपर
जागरण सखी
आपकी बात
जागरण यात्रा
जागरण क्रिकेट
सिने मजा
मेरा जागरण
वर्गीकृत

Ghaziabad

प्रिंट करें

Uttar Pradesh

कुल समाचार : 48

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत
पालिका कर्मी के घर दिनदहाड़े लूट
एमएमएच में छात्रों का हंगामा, प्राचार्य का घेराव
बीएससी व बी काम प्रथम वर्ष की मेरिट लिस्ट जारी
पत्नी फोबिया के शिकार हो रहे युवक
जलभराव से परेशान लोग डीएम से मिले
लापरवाह दो शिक्षक निलंबित
मेट्रो का विस्तार कराएंगे : जीडीए
जहरखुरानी गिरोह का बदमाश गिरफ्तार
दो हत्याभियुक्तों को उम्रकैद और 25 हजार रुपये जुर्माना

पृष्ठ 1 2 3 4 5